# <u>जनपद बाराबंकी</u>

**दिनांक- 27.07.2025**

जनपद में संदिग्ध व्यक्तियों/वांछित अभियुक्तों/वारण्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में बाराबंकी पुलिस द्वारा दिनांक 26/27.07.2025 को 01 वारण्टी व 10 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया तथा 48 अभियुक्तों के विरुद्ध शांतिभंग की धाराओं में कार्यवाही की गयी।

01.➡ थाना कुर्सी पुलिस टीम द्वारा मादक पदार्थ तस्कर को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से 25 ग्राम अवैध स्मैक बरामद-

थाना कुर्सी पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 27.07.2025 को अभियुक्त/मादक पदार्थ तस्कर सुशील पुत्र राजेन्द्र निवासी निन्दूरा थाना कुर्सी जनपद बाराबंकी को पावर ग्रिड मोड़ से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 25 ग्राम अवैध स्मैक बरामद कर थाना कुर्सी पर मु0अ0सं0 218/2025 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया।